श्री इन्द्रदेव सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं० 18/02/3091 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः- 1. क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत पचरूखी प्रखण्ड के उखई चवर से उखई पश्चिम पट्टी, उखई पुरब पट्टी, सिसवां, पिपरा, शंभोपुर, ओलीपुर, श्रीकान्त बंगरा, सुरवाला, नथनपुरा, सहलौर, इलामदीपुर इत्यादी गाँव में चौर (खेत) की कई वर्षों से जल निकासी नहीं हो पा रही है, 2. क्या यह बात सही है कि जल निकासी के लिए ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग (गंडक प्रमंडल, सिवान) से भी गुहार लगाई थी लेकिन अभी तक विभाग द्वारा पानी निकासी से संबंधित कोई ठोस निर्णय नही लिया गया है जिससे ग्रामीणों की खेती कई वर्षों से वाधित हो रही है, 3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकरात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थलों से जल निकासी कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि सिवान जिलान्तर्गत पचरूखी प्रखंड के प्रश्नगत ग्रामों के क्षेत्रों में उखई चौर अवस्थित है। उखई चौर बिहार राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के आर्द्रभूमि की सूची में शामिल है। बिहार सरकार द्वारा राज्य की आर्द्रभूमियों के सरंक्षण निमित कई महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिसमें मुख्यतः आर्द्रभूमियों में जल संचयन कर इसके जैव पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित तथा भू-गर्भ जलस्तर बनाये रखना शामिल है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–120 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3091 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–120 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–120 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–120 / 2026– 1365 पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26

(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

20.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo